तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 21. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 8 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

फड़ प्रभारी को दंतैल हाथी ने पटक कर उतारा मौत के घाट, संघ में आक्रोश 2



## खबर संक्षेप

### सिवनी में महिला सम्मेलन होली मिलन समारोह आज

**बहेराडीह।** सिवनी स्थित कोसा ऑफिस के पीछे प्रगतिशील किसान रामाधार देवांगन के कृषि फॉर्म हॉउस में रविवार 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के तत्वाधान में आयोजन होगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत सामाजिक कार्यकर्ता और महिला अधिकारी व बिहान की महिलाएं विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### बसंतपुर में अखंड नवधा रामायण आज से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम बसंतपुर के बाजार चौक में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 8 मार्च को कलश यात्रा और बेदी पूजन के साथ कथा का शुभारंभ किया जाएगा। व्यास आचार्य पंडित कन्हैया लाल दुबे एवं वरण आचार्य हितेश कुमार दुबे होंगे। इस संबंध में डॉक्टर गिरजा शंकर देवांगन ने बताया कि अखंड नवधा रामायण के दौरान मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन भी रखा गया है। प्रतियोगिता का फाइनल 16 मार्च को रात्रि 8 बजे से रखा गया है। अखंड नवधा रामायण का समापन 17 मार्च को कथा विश्राम, हवन , चढ़ोतरी , सहस्त्रधारा और ब्राह्मण भोजन के साथ किया जाएगा।

### महिला सफाई मित्रों का कल किया जाएगा सम्मान

**शिवरीनारायण।** विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य पर नगर में नारी शक्ति स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से नगर प्रशासन द्वारा उन महिला सफाई मित्रों को सम्मानित किया जाएगा, जो निःस्वार्थ भाव से प्रतिदिन समर्पित होकर शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर कलेक्टर जन्मजय महोबे भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम 9 मार्च को सुबह 7 से 9 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ होगी, जिसके अंतर्गत प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग नहीं करने, घर पर कचरा अलग करने तथा सड़क पर कचरा नहीं फैलाने का संकल्प दिलाया जाएगा। स्वच्छता दौड़ के दौरान प्रतिभागी दौड़ के साथ-साथ मार्ग में बिखरे कचरे को एकत्र करते हुए स्वच्छता का संदेश देंगी।

### मेंटनेस के लिए डभरा उपकेन्द्र में 4 घंटे गुल रहेगी बिजली

**सक्ती।** मेंटनेस कार्य के लिए रविवार 8 मार्च को उपकेंद्र डभरा की सप्लाई सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगी। जिसके कारण इनसे निकलने वाले सभी 33 केवी फीडर 33 केवी डभरा, 33 केवी तुलसीडीह, 33 केवी ओल्ड सुखदा, 33 केवी न्यू सुखदा बंद रहेंगे। जिसके कारण 33/11 केवी उपकेंद्र डभरा, सकराली, तुलसीडीह, सुखदा, धुरकोट, कोटमी, पेंड्रवा, सपोस से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडर एवं उनसे संबंधित सभी गांव में 4 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### सिवनी गांव में 80 फीसदी महिलाओं ने अपनाया बुनकरी का व्यवसाय

# कोसा की कारीगरी में अपने हुनर का लोहा मनवा रही नारी शक्ति



हाथकरघा मशीन से कपड़ा बुनाई का कार्य करती महिला।





.हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

नारी शक्ति हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही है। बुनकरी के काम में भी सिवनी गांव की महिलाओं ने महारथ हासिल कर ली है। गांव की 80 फीसदी महिलाएं इस काम में जुटी है। इससे स्वावलंबी बनकर अपना घर चला रही है।

जिले में सिवनी एक ऐसा गांव है, जहां की 80 फीसदी महिलाएं सिर्फ और सिर्फ हाथकरघा मशीन से कपड़ा बुनाई का काम करतीं हैं। हरेक गली मोहल्लो में इस मशीन की आवाज गूंज रहीं है। खास बात यह है कि कपड़ा बुनाई का काम यहां देवांगन समाज के लोगों के साथ अन्य समाज के लोग भी इस कारोबार को अपना रहें हैं। इस कारोबार को महिलाओं ने अपनी आजीविका का जरिया बना लिया है। तीन साल से हाथ करघा मशीन से कपड़ा बुनाई का काम रहीं सिवनी गांव की रामकुमारी श्रीवास ने बताया कि वे गांव में ही चमरा राम देवांगन के कारखाना से ट्रेनिंग ली और ट्रेनिंग लेने के सप्ताहभर बाद हाथ करघा मशीन से कपड़ा बुनाई का काम कर रहीं हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 14 मीटर कॉटन कपड़ा बुनाई कर लेती है। गांव की 35 वर्षीय श्रीमती कृष्णा बाई धीवर ने बताया कि कोसा ऑफिस के पीछे देवांगन के घर पर एक छत के नीचे 27 महिलाएं हाथ करघा मशीन से कपड़ा बुनाई का काम कर रहीं हैं। जिसमें मालती बरेठ, उर्मिला राठौर समेत अन्य महिलाएं शामिल हैं। इसी तरह सिवनी के आम्हापारा में मन मोहन के ब्यवसायिक कम्पलेक्स में करीब सौ बेरोजगार युवतियां और महिलाओ को स्व रोजगार से जोड़ा गया है। जहां महिलाएं कपड़ा बुनाई के काम को आजीविका का जरिया के रूप में अपनाई है।

### कोसा कपड़ा का केंद्र है सिवनी

सिवनी गांव में बिहान की महिलाएं कॉटन कपड़ा बुनाई के साथ ही कोसा से कपड़ा बुनाई का काम करके आमदनी लें रहीं हैं। खास बात यह है कि यहां पर केंद्रीय रेशम बोर्ड, तसर अनुसन्धान केंद्र स्थापित है। यहां की महिलाओ द्वारा कोसा कपड़ा बनाने की तकनीक को देखने महामहिम राज्यपाल समेत विभाग के सचिव के साथ साथ कई देशों के लोग देखने आ चुके हैं। कपड़ा बुनाई का काम यहां देवांगन समाज के लोगों के साथ अन्य समाज के लोग भी इस कारोबार को अपना रहे हैं। इस कारोबार को महिलाएं अपनी आजीविका का जरिया बनाकर लाखों कमा रहे है।



दुबई यात्रा के दौरान आबूधाबी में घुमते नीतेश और सिद्धी।

# दुबई में फंसे पूर्व मंत्री के बेटा-बहु

### युद्ध के कारण अंतराष्ट्रीय विमान सेवा रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

ईरान-इजराइल युद्ध के बीच पूर्व मंत्री के बेटा-बहु दुबई के आबूधाबी में फंसे हुए है। बताया जाता है कि 5 मार्च को भारत वापसी के लिए उनकी फ्लाईट थी, लेकिन युद्ध के चलते अंतराष्ट्रीय हवाई सेवा रद्द होने के कारण वे नहीं आ पाए। ऐसे में उनकी वापसी को लेकर परिवार को चिंता सताने लगी है। इसके साथ ही इस दिशा में पहल करने बातचीत भी हो रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अविभाजित मध्यप्रदेश शासनकाल के पूर्व मंत्री नोबेल कुमार वर्मा के सुपुत्र कांग्रेस नेता नीतेश कुमार वर्मा अपनी पत्नी सिद्धी वर्मा के साथ बीते दिनों दुबई यात्रा में गए हुए थे। बताया जाता है कि 5 मार्च को भारत वापसी के लिए दुबई के आबूधाबी से उनकी फ्लाईट थी। वे आने के लिए तैयार थे, लेकिन इस बीच ईरान- इजराइल युद्ध के कारण अंतराष्ट्रीय हवाई सेवाएं ठप हो गई। फ्लाईट रद्द होने के कारण वे अपनी वापसी को लेकर काफी परेशान है। बताया जाता है कि नीतेश और सिद्धी जिस स्थान पर ठहरे हुए है, वहां पर भी होटल संचालकों ने उन्हें अब और अधिक दिन रखने से मना कर दिया है। जिसके कारण उनकी परेशानी और भी बढ़ गई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार दुबई में फंसे नीतेश और सिद्धी वापसी को लेकर हर संभव प्रयास कर रहे है। इसके अलावा परिजन भी अपने स्तर पर शासन प्रशासन से संपर्क करके उनकी वापसी के लिए गुहार लगा रहे है।

इस संबंध में पूर्व मंत्री नोबेल वर्मा का कहना है कि बेटे और बहु से लगातार बात हो रही है। उनकी 6 मार्च को वापसी की फ्लाईट थी, जो युद्ध की स्थिति के कारण रद्द हो गई है। अब 8 मार्च को फ्लाईट मिलने की बात कही जा रही है। दोनों की कुशलता से वापसी के लिए शासन स्तर पर भी लगातार बातचीत कर प्रयास किया जा रहा है।

# महिला समूह से जुड़कर सविता बनी लखपति



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के विकासखंड नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत केरा की श्रीमती सविता कर्ष ने मेहनत, आत्मविश्वास और स्व-सहायता समूह के सहयोग से आर्थिक आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम की है। गांव में ही दुकान खोलकर वह सालाना 3 लाख की कमाई कर रही है।

सविता कर्ष वर्ष 1 जनवरी 2013 को गठित तुलसी महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें न केवल नई सोच और अवसर मिले, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने का संकल्प भी मजबूत हुआ। सविता ने बताया कि उनके समूह को कुल 2 लाख रूपए की राशि बैंक से ऋण प्राप्त हुआ था। जिसमें से समूह के द्वारा 42000 रूपए की राशि व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा ओएसएफ से 25600 की राशि, सीआईएफ से 22300 की राशि एवं स्वसहायता समूह द्वारा 12000 रूपए की राशि प्राप्त हुई। इस राशि से अपने गांव में कपड़ों की दुकान शुरू की। शुरुआत में यह व्यवसाय छोटे स्तर पर था, लेकिन उनके परिश्रम और लगन ने धीरे-धीरे इसे क्षेत्र में पहचान दिलाई। आज उनकी दुकान "श्रृंगार सदन" के नाम से जानी जाती है। वर्तमान में सविता की मासिक आय लगभग 25 हजार रुपये है और वे प्रतिवर्ष करीब 3 लाख रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। इस आय से वे अपने परिवार की जरूरतें पूरी करने के साथ-साथ बच्चों की शिक्षा और घर की जिम्मेदारियों को भी बेहतर तरीके से निभा रही हैं।

### केंचुआ पालन और जैविक खाद के कारोबार से पुष्पा बनी लखपति दीदी

**बहेराडीह।** कोई भी काम छोटा नहीं होता, कोई व्यक्ति छोटा काम करके भी उस कारोबार से लखपति बन जाता है। इसे बलौदा ब्लॉक के गांव बहेराडीह की पुष्पा यादव ने सच कर दिखाया है। पुष्पा ने अपने घर के पीछे बाड़ी में गोबर गैस सयंत्र के पास केंचुआ पालन किया और अच्छी गुणवत्ता की जैविक खाद बनाने का कारोबार शुरू किया। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के कोरबा, बिलासपुर समेत 6 जिलों के गौठानो में केंचुआ सप्लाई और केंचुआ पालन ट्रेनिंग का काम मिला। इस कारोबार से उन्हें अब तक करीब 13 लाख रूपये से अधिक आमदनी प्राप्त हों चुकी है। पुष्पा यादव को बिहान कार्यक्रम के तहत न सिर्फ लखपति दीदी के रूप जिला प्रशासन ने चयनित किया है बल्कि उन्हें गांव की पशु सखी दीदी भी बनाया गया है। पुष्पा यादव ने बताया कि वे 20 जून 2005 में गांव में गंगे मईय्या स्व सहायता समूह का गठन किया। समूह द्वारा स्कूल में मध्यान भोजन बनाने का काम शुरू किया। इस बीच 2 जनवरी 2020 को बिहान में समूह को सम्बद्ध कराई। इस राज्य में गोठान योजना लागू किया गया। गोठानो में केंचुआ सप्लाई और समूह की महिलाओ को प्रशिक्षण देने का काम मिला। वहीं केंचुआ पालन के दौरान उससे प्राप्त उच्च गुणवत्ता की जैविक खाद बड़े पैमाने पर तैयार हुई। जिला पंचायत एनआरएलएम ने कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में उनके अनुभव को देखते हुए लखपति दीदी के साथ ही पशु सखी बनाकर उनका मान बढ़ाया है।



8 March Happy Woman's Day
हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर
सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता
CHOUKSEY GROUP OF COLLEGES
BILASPUR (C.G.)
B.TECH, M.TECH, MBA, PHARMACY, LAW, BAMS, DEGREE COURSES
प्रथम पुरस्कार वाशिंग मशीन
द्वितीय पुरस्कार इंडक्शन
तृतीय पुरस्कार मिक्सर ग्राइंडर
चतुर्थ पुरस्कार इलेक्ट्रीक आयरन
विशेष पुरस्कार 5 एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. भगवान महावीर जी की माता का क्या नाम था ? ........................
2. भारत की प्रथम महिला सरोद वादक कौन थी ? ........................
3. भारत की प्रथम महिला पायलट कारगिल युद्ध आपरेशन में भाग लिया ? ........................
4. भारत की प्रथम महिला न्यूज रीडर कौन थी ? ........................
5. मेयर बनने वाली प्रथम किन्नर कौन थी ? ........................
6. रेल्वे बोर्ड में पहली महिला सदस्य का नाम ? ........................
7. टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ........................
8. भारतीय वायु सेना की प्रथम महिला एयर मार्शल ? ........................
9. दिल्ली मेट्रो ट्रेन की प्रथम महिला आपरेटर ? ........................
10. प्रथम महिला भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल का नाम ? ........................

Learn AI Design Tools this Summer
छुपा है हर घर में हुनर
एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Exclusively for Class 5th - 11th
ARENA ANIMATION
Call : 88188 00 890 Link Road, Bilaspur
• Graphics • Web Page Designing • Gaming
• Sound - Video Editing • 2D - 3D Animation

New Town
Own it!
Off. Add. : 2nd Floor, KRISHNA Sanchhatra Compound,
Shiv Talkies Square, Beside Jalaram Food Junction Bilaspur (C.G.)

**नियम एवं शर्तें -** 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2.महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है । 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्ठि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा । 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा । 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा । 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी । 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है ।

### विश्व महिला दिवस प्रविष्टि

नाम सुश्री / श्रीमती :- ........................
पिता/पति का नाम :- ........................
स्थाई पता :- ........................
........................
फोन/मो. नं. :- ........................
शैक्षणिक योग्यता :- ........................

फोटो यहां चिपकाएं

punjab national bank
...the name you can BANK upon !
pnb
call 1-800-2222 or
1-800-103-2222 Toll Free
www.pnbindia.in

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING | MBA | PHARMACY | LAW
COMMERCE, ARTS & SCIENCE | SCHOOL
Campus: Near High Court, Raipur Road, Bilaspur
Mob. : 9522220113, 9516606123

### विभिन्न प्रांतों से पहुंचे नागा साधु, रंगपंचमी पर उमडेगी आस्था

# धूमधाम से आज निकलेगी बाबा कलेश्वरनाथ की बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पीथमपुर का भव्य मेला रविवार 8 मार्च को रंगपंचमी के दिन से प्रारंभ होगा। बाबा कलेश्वरनाथ के विवाह और बारात के लिए विभिन्न अखाडों से नागा साधु पहुंच चुके है। पंचमी पर चांदी की पालकी में बाबा कलेश्वरनाथ की बारात निकाली जाएगी। मेले को लेकर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है।

जिला मुख्यालय से लगभग 10 कि.मी. दूर स्थित ग्राम पीथमपुर में रंग पंचमी के दिन से 10 दिन का मेला लगता है। मेले की शुरूआत भगवान कलेश्वरनाथ की भव्य बारात निकलने के साथ ही होती है। बारात में विभिन्न प्रांतों से आए नागा साधु और अंचलवासी बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। इस दौरान शिव जी की रजत प्रतिमा



के साथ उनकी बारात निकलती है। रंग पंचमी पर पीथमपुर में आस्था उमडेगी। चांदी की पालकी पर निकले बाबा कलेश्वरनाथ के दर्शन करने दूर दूर से भक्त पहुंचेंगे। मेला को लेकर झूला, सिनेमा सहित तरह-तरह की दुकानें सज गई है। पीथमपुर में प्रारंभ होने वाला जिले का एक मात्र मेला है, जहां देश भर के नागा साधु आते हैं। भीड़ के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है।

### बरसाने की तर्ज पर पंतोरा में होगी लट्ठमार होली

बलौदा ब्लॉक के ग्राम पंतोरा में रंग पंचमी पर लट्ठमार होली खेली जाएगी। पंतोरा में होली के पांच दिन बाद लट्ठमार होली खेलने की परंपरा है। ग्रामीण इसे बोल-चाल की भाषा में डंगाही होली कहते हैं। इस दिन शाम को गांव का बैगा जंगल से कच्चे बांस की डंडियां लेकर आते हैं, जिनका ग्राम देवी के मंदिर में रखकर पूजा-अर्चना की जाती है। तत्पश्चात मां दुर्गा की नौ रुपों में सजी नौ कुंवारी कन्याएं मंदिर से निकलती है और देवी-देवताओं पर पहले रंग-गुलाल लगाकर छड़ी से स्पर्श करती है। फिर गांव के बड़े-बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं, यहां तक की दूधमुंहे बच्चों पर भी छड़िया बरसाई जाती है। गांव में ऐसी मान्यता है कि इस दिन कुंवारी कन्याओं के हाथ से छड़ी की मार खाने के बाद किसी प्रकार की बीमारी नहीं होती। हाथ में छड़ी लिए कुंवारी कन्याएं पूरे गांव का भ्रमण करती हैं और सभी को डंडे से मारती है। पंतोरा के प्रसिद्ध डंगाही होली को देखने व इसमें शामिल होने आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।

## क्राइम की खबरें

### एंबुलेंस में लगी थी चाबी, युवक लेकर हो रहा था फरार, भेजा गया जेल

**कोरबा।** मेडिकल हॉस्पिटल के परिसर में खड़ी एम्बुलेंस के पास एक युवक जा पहुंचा और छेड़खानी करने लगा और शराब के नशे में मदहोश युवक ने एंबुलेंस में लगी चाबी को देखकर एंबुलेंस चालू कर भागने लगा। जब गार्ड की नजर पड़ी तो उसने दौड़ाकर गाड़ी को रोका और उसे पुलिस हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मामला 3 मार्च की देर शाम की है। बताया जाता है कि मेडिकल अस्पताल परिसर में एंबुलेंस 108 के चलक की तबीयत बिगड़ने पर वह फ्रेश होने के लिए परिसर में गाड़ी खड़ी कर गया हुआ था। इस बीच वहां उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घाठाद्वारी निवासी बाबूलाल बिंझवार उम्र 42 वर्ष पिता सिरतु सिंह बिंझवार पहुंचा और एंबुलेंस में चढ़कर एंबुलेंस में छेड़खानी कर रहा था। इस बीच गाड़ी में चाबी लगा देख बाबूलाल बिंझवार ने एंबुलेंस को स्टार्ट कर लिया और एंबुलेंस को लेकर ही भागने लगा। जब वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों की नजर बाबूलाल पर पड़ी तो उन्होंने दौड़कर उसे पकड़ा और एंबुलेंस को रोका जिसके उपरांत बाबूलाल को मेडिकल अस्पताल परिसर स्थित चौकी में लाया गया और पुलिस को सपोर्ट किया गया। मामले की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने बाबूलाल के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस के साथ मनाया जाएगा आवास दिवस

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग के मार्गदर्शन में जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल उत्सव एवं महात्मा गांधी नरेगा के रोजगार दिवस के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास दिवस का आयोजन किया जाएगा। आवास दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराना, हितग्राहियों में जन-जागरूकता लाना तथा निर्माण में आ रही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि रोजगार दिवस और आवास दिवस का आयोजन सभी ग्राम पंचायतों में अनिवार्य रूप से किया जाए तथा शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट केंप 11 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 11 मार्च को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से नियोजक प्रिंसीपल सिक्योरिटी एण्ड एलाईड सर्विसेस प्रा0लि0, कोरबा, द रियल हण्टर बालको कोरबा, कृष्णा कॉरपोरेशन कोरबा और अपोलो फार्मासिटिज लिमि0 रायपुर द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। रिक्तियों में सिक्योरिटी गार्ड 70, सिक्योरिटी सुपरवाईजर 10, सिक्योरिटी गार्ड डॉग हेण्डलर 10, सिक्योरिटी गार्ड डॉग हेण्डलर 2, सी.आर.ओ.- 2, टेक्निकल असिस्टेंट- 6, फार्मासिस्ट' 10, फार्मेसी असिस्टेंट- 10 योग्यता- 8वी - 12वीं - स्नातक, आयुसीमा- 18-45 वर्ष तक एवं वेतनमान रूपये 7,000 से 15,000 तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय महिला खेल का आयोजन

**कोरबा।** संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरबा द्वारा जिला में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेलो इंडिया अस्मिता लीग के तहत खेल 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, दौड़ प्रतियोगिता आयु वर्ग अण्डर 13, 13 से 18 वर्ष एवं 18 वर्ष से उपर के प्रतिभागियों के लिये एवं मनोरंजनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य के बालिका/महिलाओं को खेलों के प्रति उत्साहित एवं बढ़ावा देने के उददेश्य से 1 दिवसीय जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, कोरबा में किया जायेगा। महिला खेल प्रतियोगिता अंतर्गत खेल कबडडी, खो-खो, रस्साकसी एवं व्हॉलीबॉल को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क है। संबंधित खेल 8 मार्च को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जायेगा।

### छेड़छाड़ की कोशिश आरोपी को भेजा गया जेल

**कोरबा।** एक 14 वर्षीय किशोरी को अपने साथ ले जाकर युवक द्वारा छेड़खानी किया जा रहा था। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे जेल भेज दिया है। मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र का है यहां 15 ब्लॉक पंप हाउस में निवासी अहमद खान पिता शब्बीर खान 4 मार्च की दोपहर एक 14 वर्षीय किशोरी को बलपूर्वक अपने साथ मानिकपुर चौकी क्षेत्र के नेहरुनगर झाड़ियों में ले गया था और उसके साथ छेड़छाड़ की घटना की अंजाम दे रहा था जब स्थानीय लोगों की नजर पड़ी तो उन्होंने युवक को धरदबोचा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सीएसईबी चौकी पुलिस ने इस मामले में आरोपी अहमद खान के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे जेल भेज दिया है।

---

कोरबा वन मंडल के कुदमुरा परिक्षेत्र का मामला, बाल- बाल बची पत्नी

# फड़ प्रभारी को दंतैल हाथी ने पटक कर उतारा मौत के घाट, संघ में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुदमुरा स्थित उपार्जन केंद्र में लाखों रुपए कीमती धान का अब तकउठाव नहीं हो पाया है और उसकी सुरक्षा के लिए फड़ प्रभारी अपनी पत्नी के साथ उपार्जन केंद्र में तैनात था। इस दौरान जंगल से विचरण करते हुए एक दंतैल केंद्र उपार्जन केंद्र तक जा पहुंचा और फड़ प्रभारी को पटक पटककर मौत के घाट उतार दिया है। जबकि उसकी पत्नी ने किसी तरह से भागकर जान बचाई है। घटना के बाद छग सहकारी कर्मचारी संघ में आक्रोश है।

मामला कोरबा वनमंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र में घटित हुई। रजगामार निवासी राजेश कुमार सिंह 55 वर्ष पिता शशीकांत सिंह वह आदिवासी सेवा सहकारी समिति में कार्यरत था। उन्हें धान खरीदी के लिए समिति के अंतर्गत आने वाले कुदमुरा उपार्जन केंद्र का फड़ प्रभारी बनाया गया था। उपार्जन केंद्र में खरीदी बंद होने के बावजूद उठाव के लिए करीब 1160 क्विंटल धान शेष था। जिसके चोरी चले जाने अथवा हाथी, मवेशियों द्वारा नुकसान पहुंचाए जाने की संभावना को देखते हुए राजेश व उसकी पत्नी पिंकी देवी को कुदमुरा उपार्जन केंद्र में ही तैनात किया गया था। 4 मार्च की रात केंद्र में ही थे। इसी बीच रात करीब 1.35 बजे एक दंतैल हाथी बाउंड्री तोड़कर भीतर घुस गया। दंतैल हाथी ने बोरियों में भरे धान को चट करने लगा। हाथी की चिंघाड़ सुनकर फड़ प्रभारी राजेश सिंह तेज रोशनी वाला टॉर्च में लिया हुआ था। इस बीच उसने हाथी की हरकतों को देख रहा था और कुछ क्षण बाद ही हाथी आक्रमक हो गया और सीधे राजेश के उपर हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी ने भागकर जान बचाई। यह खबर मिलते ही विभागीय अमले में हड़कंप मच गया। घटना के बाद वन विभाग के अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और मामले में वैधानिक कार्यवाही कर मृतक राजेश की पत्नी को प्राथमिक सहायता की राशि प्रदान कर दी गई है।



मृतक राजेश कुमार।



मृतक की पत्नी को सहायता राशि प्रदान करते वन अधिकारी।

### अधिकारियों की उदासीनता से हुई धान खरीदी केंद्र में घटना

कुदमुरा धान खरीदी केंद्र में हाथी के हमले से फड़ प्रभारी की मौत की घटना प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता की परिणाम है। जिनके द्वारा खरीदी बंद होने के एक माह बाद भी महज 18 हजार क्विंटल के धान का उठाव नहीं कर सकते हैं जबकि मार्च महीना शुरु हो चुका है और अधिकारी राइस मिलर्स पर धान उठाव के लिए दबाव नहीं बना सके। अभी भी राइस मिलर्स अन्य जिलों से धान का उठाव लगातार कर रहे हैं जबकि जिले के हाथी प्रभावित संवेदनशील धान खरीदी केंद्रों में अभी भी हजारों क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है। कलेक्टर कुणाल दुदावत धान उठाव की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। उसके बावजूद उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव नहीं हो पाना प्रशासनिक उदासीनता दर्शाता है। करतला विकासखंड के कुदमुरा के अलावा ग्राम बरपाली कोरबा में 16 हजार क्विंटल धान, श्यांग उपार्जन केंद्र में 10 हजार क्विंटल धान, चिर्रा में 6 हजार क्विंटल धान का उठाव नहीं हो सका है और ये सभी उपार्जन केद्र हाथी प्रभावित क्षेत्र के दायरे में आते हैं और प्रशासन भी इन केंद्रों को हाथी प्रभावित मानता है। उसके बावजूद इन केंद्रों से आज तक धान का पूरी तरह उठाव नहीं हो पाना सीधे सीधे अधिकारियों की लापरवाही सामने आ रही है।

---

## युवती और युवक की फंदे में मिली लाश, तहकीकात में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग अलग घटनाओं में दो लोगों की फांसी के फंदे में लाश मिली है जिसमें एक युवती व एक युवक शामिल है। पहली घटना बालको थाना क्षेत्र के बेलगड़ी बस्ती की है यहां निवासरत जीवन लाल की 19वर्षीय पुत्री ललिता गभेल आयुष्मान अस्ताल में काम करती थी। उसने अपने घर में फांसी लगाकर खुदखुशी कर ली है। युवती ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस व परिजन सख्ते में हैं कि ऐसी क्या वजह थी उसकी पुत्री ने यह आत्मघाती कदम उठाया है।

**खास बात**

- जिले के बालको व कुसमुण्डा थाना क्षेत्र का मामला

पुलिस को घटना स्थल से किसी तरह का कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा। इसी तरह दूसरी घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र की है। ग्राम सुराकछार और आनंद नगर के मध्य खोलार नदी के किनारे एक युवक का शव फंदे पर लटका मिला। युवक की पहचान मनीष कंवर 18 वर्ष पिता धुल सिंह कंवर के रूप में की गई है। बताया जाता है कि युवक बुधवार की दोपहर होली खेलने घर से निकला लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो घर से थोड़ी ही दूर खोलार नदी के किनारे बांस के पेड़ पर गमछे से बनाए फांसी के फंदे पर वह घुटने के बल झूलता मिला। सूचना मिलने पर कुसमुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दी है। दोनों ही मामलों में पुलिस मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

### पैर फिसलने से महिला गिरी कुंए में, मौत

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर में कुंएं में गिरने से एक महिला की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार पानी निकालते समय 38 वर्षीय चंदा देवी साह नामक युवती का पैर फिसल गया और वह 30 फीट गहरे कुंएं में गिर गई। घटना के समय महिला की दो पुत्री मौके पर थीं। उन्होंने मां को कुंएं में गिरते देख चीख-पुकार मचाई, जिसके बाद रिश्तेदार और पड़ोसी मौके पर पहुंचे। लोगों ने सीढ़ी और रस्सी की मदद से महिला को कुंए से बाहर निकाला। उन्हें तुरंत बालको चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच उपरान्त मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बालको थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दी।

---

## गांव की पीडीएस दुकानों में बना रहता है चावल का संकट



फाइल फोटो

### पहले से थम्ब लगाने का खेल

ग्रामीण अंचलों के पीडीएस दुकानों के खिलाफ अक्सर ये शिकायतें सामने आती हैं कि दुकान संचालक पहले से ही हितग्राहियों के राशन कार्ड में उनके हस्ताक्षर के साथ थम्ब लगवा लेते हैं और चावल एक साथ दो माह का दिए जाने का हवाला देते हैं। ऐसे मामलों की जांच भी विभाग के द्वारा कराई तो जाती है लेकिन उसके परिणाम सामने नहीं आते। करतला ब्लॉक के नवापारा पीडीएस दुकान का ऐसा ही मामला सामने आया था। जिसकी जांच के लिए खाद्य निरीक्षक मौकास्थल पर गए थे क्या कार्यवाही हुई अब तक सामने नहीं आ सका है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर जनदर्शन में चावल संकट की अधिकांश शिकायतें ग्रामीण अंचलों की पीडीएस दुकानों से ही आती हैं। जबकि शहरी क्षेत्रों की पीडीएस दुकानों में ऐसी शिकायतें का ना आना खाद्य विभाग की भंडारण की प्रक्रिया पर सवाल खड़े होने लगे हैं कि आखिर ग्रामीण अंचल की पीडीएस दुकानों तक विभाग का चावल क्यों नहीं पहुंच पाता।

खाद्य विभाग से खाद्य सामग्री का एलॉटमेंट मिलने के बाद नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा भंडारण कार्य कराया जाता है उसके बावजूद ग्रामीण अंचलों की पीडीएस दुकानों में चावल के नहीं पहुंचने और हितग्राहियों को दो महीने तक चावल नहीं मिलने की शिकायतें कलेक्टर जनदर्शन में लगातार सामने आ रही है। जबकि दूसरी ओर इस तरह की शिकायतें शहरी क्षेत्र की पीडीएस दुकानों में ना के बराबर रहती है। इसका गहराई से जानकारी लेने पर यह मामला सामने आया कि अधिकांश एपीएल, बीपीएल अधिकारी अपने कोटे का चावल पीडीएस दुकानदार को 20 रुपए प्रति किलो की दर से बेच देते हैं और यही चावल मार्केट में रिसायकलिंग होकर महंगे दामों पर बिकता है। चावल के इस खेल के कारण विभाग के खाद्य निरीक्षक सहित पीडीएस दुकान संचालक मिलकर पीडीएस दुकानों में सबसे पहले चावल का भंडारण कराते हैं। जबकि वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचलों के हितग्राही अपने कोटे का चावल का उठाव करते हैं उनके द्वारा पीडीएस दुकानदार को चावल नहीं बेचे जाने के कारण ग्रामीण अंचलों में सरकारी चावल की खरीदी बिक्री नहीं हो सकती इसलिए, ग्रामीण अंचलों के पीडीएस दुकानों में चावल के भंडारे पर विभाग के अधिकारी रुचि नहीं लेते और परेशान हितग्राही विभाग का चक्कर काटते रहते हैं।

### चाचा ने की गाली-गलौज भतीजे ने की हत्या

**कोरबा।** होली पर्व को लेकर एक 60 वर्षीय वृद्ध अपने भतीजे के घर गया था। जहां शराब के नशे में मदहोश होकर गाली गलौज कर रहा था। जब भतीजे ने मना किया तो उससे वाद विवाद करने लगा। देखते ही देखते विवाद बढ़ते गयसा और भतीजे ने अपने चाचा की पिटाई कर दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर हत्या के आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। मामला बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अरसिया डुग्गुपारा की है। बताया जाता है कि यहां निवासरत देवीदयाल उम्र लगभग 60 वर्ष 4 मार्च होली के दिन अपने रिश्ते के भतीजा करण साय राउत उम्र 30 वर्ष के घर गया था। देवीदयाल शराब के नशे में मदहोश था। दोपहर को वह गाली गलौच कर रहा था जब करण ने गाली गलौच करने से मना किया तो वह आवेश में आ गया और हंगामा करने लगा। इस बीच देवीदयाल और करण साय राउत के बीच जमकर विवाद शुरू हो गया और करण सिंह ने देवी दयाल को दीवाल में पटक दिया जिससे उसे गंभीर चोट लगी और मौके पर ही मौत हो गई।

## नशेड़ी युवकों ने चार लोगों पर चाकू ब्लेड से किया हमला, 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नशेड़ी युवकों ने सीतामणी बस्ती में होलिका दहन के बीच जमकर हंगामा मचाते हुए बस्ती के ही कुछ लोगों से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान चाकू और सर्जिकल ब्लेड से हमला कर दिया। उनके हमले में चार युवक घायल हो गए, जिनमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से आक्रोशित बस्तीवासी भारी संख्या में थाना जा पहुंचे थे। घटना के बाद कोतवाली पुलिस तत्काल एक्शन में आयी और पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जिसमें दो नाबालिक शामिल हैं।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलीडुग्गु बस्ती में घटित हुई है। बताया जा रहा है कि मोतीसागर पारा निवासी नानू, लक्की, चिंटू सागर, राकेश, गिरीराज शर्मा, लव शुक्ला व विकास सहित कुछ युवक इमलीडुग्गु बस्ती की ओर गए थे। नशे में धुत युवक सामुदायिक भवन के समीप पहुंचे थे। इसी दौरान उनका सामना बस्ती में रहने वाले परवीन कुमार बरेठ, मुकेश यादव, धन सिंह व मोहन ठाकुर से हो गया। नशेड़ी युवको ने गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बदमाशों ने अपने पास रखे चाकू व सर्जिकल ब्लेड से हमला कर दिया। घटना में परवीन व मुकेश को गंभीर चोटें आई, जबकि धनसिंह व मोहन भी घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर बदमाश मौके से फरार हो गए हैं। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लव शुक्ला, गिरीराज, राकेश महंत, सुनील सागर सहित दो नाबालिकों को गिरफ्तार कर लिया है।



घटना के बाद थाना में जुटी बस्तीवासियों की भीड़।

### जोगियाडेरा में भी हुई चाकूबाजी

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगियाडेरा बस्ती में चाकूबाजी की घटना सामने आयी है। बताया जाता है कि होली के दिन बस्तीवासी एक साथ होली खेल रहे थे। इसी दौरान गांव का राणा प्रताप सिंह का किसी बात को लेकर विनोद केंवट, फिरत केंवट व उनके साथियों के साथ विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर विनोद और फिरत ने अपने साथियों के साथ राणा प्रताप से मारपीट शुरु करते हुए चाकू से हमला कर दिया। हमला में एक युवक को गंभीर चोट लगा है।

---

## लापरवाही : एक राजस्व निरीक्षक सहित 14 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी तरूण कुमार किरण (आईएएस) की अध्यक्षता में राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर ओंकार यादव एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख टी. आर. भारद्वाज भी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में संचालित मसाहती सर्वेक्षण कार्यों सहित विभिन्न राजस्व संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

**खास बात**

- राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

बैठक के दौरान जिला कोरबा में चल रहे कुल 113 मसाहती ग्रामों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को बताया गया कि इन 113 मसाहती ग्रामों में से 8 ग्रामों का अंतिम प्रकाशन तथा 12 ग्रामों का प्रारंभिक प्रकाशन किया जा चुका है, जबकि शेष ग्रामों में मसाहती सर्वे का कार्य प्रगति पर है। समीक्षा के दौरान उपस्थित राजस्व निरीक्षकों एवं हल्का पटवारियों को ग्रामवार खसरों का सत्यापन, प्रारंभिक प्रकाशन एवं अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने तथा राजस्व अभिलेखों की स्वच्छ प्रति तैयार करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि मसाहती ग्रामों के सर्वेक्षण कार्य की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा कलेक्टर द्वारा की जाएगी। सर्वेक्षण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर एक राजस्व निरीक्षक तथा 14 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस (एससीएन) जारी किया गया है। बैठक में इसके अतिरिक्त डीसीएस के अंतर्गत रबी फसल सर्वेक्षण, सातवीं लघु सिंचाई संगणना, डिजिटल किसान किताब, सीमांकन कार्यों की प्रगति, वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टा नामांतरण, स्वामित्व योजना, नक्शा बटांकन एवं नवीनीकरण से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई तथा सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।



बैठक के दौरान निर्देश देते तरुण कुमार किरण।

---

बीते वर्ष 2 हजार सीटों में पूरी की गई थी प्रवेश प्रक्रिया

## आरटीई के तहत स्कूलों में प्रवेश लेने इस बार मचेगी मारामारी, 621 सीटों में ही होगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आरटीई के तहत इस वर्ष निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए मारामारी मचेगी। नए नियम के अनुसार नर्सरी स्कूलों को आरटीई के दायरे से बाहर किए जाने के बाद पहली कक्षा के केवल 621 रिक्त स्थानों में ही प्रवेश दिया जाएगा और जिसके लिए 31 मार्च अंतिम तिथि घोषित की गई है। शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारियां शुरु की है। हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों को अपने क्षेत्र के निजी स्कूलों के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है।

**खास बात**

- नए नियम से नर्सरी स्कूल आरटीई के दायरे से किए गए बाहर

शिक्षा के अधिकार के तहत बच्चों को उनके मनपसंदीदा इंग्लिश मीडियम स्कूलों में प्रवेश मिल जाया करता था। पुराने नियम शिक्षा के अधिकार के तहत नर्सरी स्कूल सहित कक्षा पहली एवं कक्षा 12वीं तक रिक्त स्थानों में प्रवेश दिया जाता था इससे छात्रों को प्रवेश के लिए रिक्त सीट मिला करती थी। बीते शिक्षण सत्र में आरटीई के पुराने नियम के तहत नर्सरी स्कूल भी इसके दायरे में आया करते थे और कक्षा 12वीं तक अगर किसी कक्षा में आरटीई की सीट खाली है तो उसमें प्रवेश दिया जाता था लेकिन नए शिक्षण सत्र में आरटीई के तहत निजी स्कूलों में दिए जाने वाले प्रवेश के नियम में स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा संशोधन कर दिया गया है। अब नर्सरी स्कूल में आरटीई के तहत प्रवेश नहीं मिलेगा।



फाइल फोटो

### 621 सीटों में प्रवेश

इस वर्ष आरटीई के तहत केवल पहली कक्षा में ही प्रवेश मिलेगा जिसमें 621 सीटें हैं। नर्सरी स्कूलों में इस वर्ष से आरटीई के तहत नए नियम के कारण प्रवेश नहीं लिया जा सकेगा।

**- टी पी उपाध्याय**
जिला शिक्षा अधिकारी

### क्यों घटी सीटों की संख्या

आरटीई के तहत बीते वर्ष तक नर्सरी स्कूल से लेकर क्लास 1 तक प्रवेश दिया जाता था। कुल सीट के 25 प्रतिशत स्थान आरटीई से भरे जाते थे इसलिए यह संख्या अधिक रहती थी और इस वर्ष केवल पहली कक्षा में ही प्रवेश मिलेगा और पहली कक्षा में सीट इसलिए कम हुई है क्योंकि पिछले शैक्षणिक सत्र में जितने बच्चों ने आरटीई के तहत नर्सरी कक्षा में प्रवेश लिया था वह सभी क्लास 1 में पुराने नियमों के तहत अपडेट हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में जिन निजी स्कूलों में आरटीई के तहत नर्सरी स्कूलों में प्रवेश लेकर उत्तीर्ण होकर पहली कक्षा में प्रवेश लेंगे और उसके बाद जो स्थान रिक्त बचेंगे उसमें ही प्रवेश मिल सकेगा।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# टॉक्सिक के पोस्टपोन होते ही 5 बड़ी फिल्मों का गड़बड़ाएगा रिलीज कैलेंडर!

**मुंबई।** बुधवार को यश की फिल्म टॉक्सिक के पोस्टपोन होने का ऐलान किया गया। इस साल हिंदी फिल्मों का रिलीज कैलेंडर पहले ही 'धुरंधर 2' की ईद पर रिलीज के कारण कई बार गड़बड़ा चुका है। इसकी वजह से वाईआईएफ की 'अल्फा' और सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान', संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' जैसी कई फिल्मों की रिलीज आगे-पीछे टाली गई हैं। अब एक बार फिर चर्चा है कि 'टॉक्सिक' की रिलीज जून में होने के कारण समर सीजन में बॉलीवुड फिल्मों का रिलीज शेड्यूल एक बार फिर गड़बड़ा सकता है। जानकार कहते हैं कि फिल्म निर्माता अपनी फिल्म को किसी बड़ी फिल्म के दो हफ्ते पहले और तीन हफ्ते बाद तक रिलीज करने से बचते हैं। ऐसे में 'टॉक्सिक' की नई रिलीज डेट के कारण मई -जून में रिलीज होने वाली फिल्मों 'पति पत्नी और वो', 'है जवानी तो इश्क होना है', इम्तियाज अली की अनाम फिल्म और 'वेलकम टु जंगल' पर असर पड़ सकता है।

## लाइफ Style

# जान्हवी
## मां नहीं चाहती थीं बेटी फिल्मों में काम करें

जान्हवी कपूर की मां नहीं चाहती थीं कि बेटी इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि उनकी बेटी डॉक्टर बनें। जान्हवी को अपने कॅरियर की शुरुआत में उस वक्त बड़े दुख का सामना करना पड़ा। फिल्मों में आने के लिए उन्हें पिता से मदद लेनी पड़ी। बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर का नाम सुनते ही हर किसी के दिमाग में उनकी मां श्रीदेवी की तस्वीर जरूर आती है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जान्हवी ने अपनी मेहनत और लगन से खुद को इंडस्ट्री में साबित किया। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का बहुत शौक था लेकिन उनकी मां श्रीदेवी नहीं चाहती थीं कि वे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि जान्हवी पढ़ाई पूरी करें और डॉक्टर बनें। जान्हवी कपूर का जन्म 6 मार्च 1997 को मुंबई में हुआ। वे श्रीदेवी और बोनी कपूर की बड़ी बेटी हैं। उनका परिवार लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा है। उनके दादा सुरिंदर कपूर भी फिल्म निर्माता थे, और उनके चाचा अनिल कपूर और संजय कपूर भी फिल्मों में एक्टिव हैं। जान्हवी भी फिल्मों में आना चाहती थीं लेकिन श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग से दूर रखना चाहती थीं। ट्विंकल खन्ना और काजोल के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के एक एपिसोड में जान्हवी ने खुलासा किया था कि उनकी मां श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग की दुनिया से दूर रखना चाहती थीं। उन्होंने बताया था कि उनकी मां श्रीदेवी कभी नहीं चाहती थीं कि मैं एक्टिंग करूं। जान्हवी ने इंटरव्यू में कहा, 'मां खुद एक एक्ट्रेस होने की वजह से मुझे लेकर काफी प्रोटेक्टिव थीं। वह काफी सख्त थीं। उन्हें लगता था कि मैं बहुत भोली हूं और मैं बॉलीवुड में सर्वाइव नहीं कर पाऊंगी। वह चाहती थीं कि मैं डॉक्टर बनूं। वह मुझसे कहतीं, 'मैं तुमको एक्ट्रेस बनते नहीं देखना चाहती।



## हॉलीवुड मसाला



# पुलिस ने किया गिरफ्तार जेल में कटी रात

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स को ड्रग्स और शराब के नशे के संदेह में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 4 मार्च की है और अगले दिन सुबह उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। अब 4 मई को ब्रिटनी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। यह घटना 4 मार्च की रात की है। तब ब्रिटनी स्पीयर्स कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी में कार चला रही थीं। कैलिफोर्निया हाइवे पेट्रोल ने बताया कि स्पीयर्स के खिलाफ पुलिस को सूचना दी गई थी कि वह अपनी बीएमडब्ल्यू कार को हाईवे पर तेज रफ्तार से लापरवाही से चला रही थीं। पुलिस ने रोका तो उन्हें ब्रिटनी पर नशे की हालत में गाड़ी चलाने का संदेह हुआ। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच अभी जारी है और केमिकल टेस्ट के रिजल्ट आने बाकी हैं। मालूम हो कि जब ब्रिटनी स्पीयर्स को पुलिस ने रोका, तब वह अपनी काली बीएमडब्ल्यू 430i को अकेले ही चला रही थीं।




# माइकल का ट्रेलर जारी भतीजा करेगा डांसर का रोल

**लॉस एंजिल्स।** माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डांसर की जिंदगी पर आधारित फिल्म में भतीजे जाफर जैक्सन उनका किरदार निभा रहे हैं। दुनिया के सबसे बेहतरीन डांसर्स में से एक माइकल जैक्सन की जिंदगी पर एक फिल्म बनी है। इसका नाम है 'माइकल'। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर काफी दमदार है। मेकर्स ने इसमें डांसर की जिंदगी के अहम पहलुओं को दिखाने की कोशिश की है। 2 मिनट 27 सेकंड के ट्रेलर में माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर आखिर तक की कहानी दिखती है। शुरुआत में उनके करीबी उन्हें कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित करते हैं। जब वह मशहूर हो जाते हैं तो हर कोई उनका दीवाना बन जाता है। ट्रेलर में कुछ भावुक पल भी हैं। वह अपने परिवार से जुड़े हैं, जो उनका सपोर्ट करते हैं। ट्रेलर में माइकल जैक्सन के शानदार मूव्स देखने को मिलते हैं। इसमें उनके बीमार होने की झलक भी दिखाई गई है। इसमें उनका एक डायलॉग काफी दमदार है, जो इस तरह है 'संगीत दुनिया बदल सकता है।'



# ऑस्कर 2026 की प्रेजेंटर्स लिस्ट में शामिल हुईं प्रियंका

**मुंबई।** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इस बार 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में प्रेजेंटेटर की भूमिका में दिखेंगी। उनके साथ अन्य कलाकार भी होंगे, जो स्टेज पर विनर्स को पुरस्कार देंगे। इसकी जानकारी उन्होंने खुद दी है। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा जोनस हॉलीवुड में काफी समय से काम कर रही हैं। वहीं, 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में वह पुरस्कार प्रदान करने वालीं प्रेजेंटेटर की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। इस बात की पुष्टि एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए की। प्रियंका चोपड़ा ने शुक्रवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया। इसमें उनके नाम के साथ अन्य प्रेजेंटेटर के भी नाम शामिल हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर लिखा, '2026 अकादमी अवॉर्ड्स।' एक्ट्रेस के साथ इस लिस्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐनी हैथवे, विल अर्नेट, ग्वेनेथ पाल्ट्रो और पॉल मेस्कल जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



# धुरंधर 2 का ट्रेलर आज होगा रिलीज....

**मुंबई।** रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए बताया है कि 'धुरंधर 2' का ट्रेलर अब 7 मार्च की सुबह 11:01 पर आउट होगा। 19 मार्च को थिएटर्स में पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में आने वाली इस मूवी में हमजा अली मजारी के मिशन की आगे की कड़ी देखने को मिलेगी। रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त स्टारर 'धुरंधरः द रिवेंज' को रिलीज होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। मगर उसके पहले फैंस इसके ट्रेलर को देखने के लिए एक्साइटेड हैं। इस मूवी के पहले पार्ट ने दर्शकों पर अपना ऐसा जादू बिखेरा है कि वह सीक्वल के लिए एक-एक दिन उंगलियों पर गिन रहे हैं। टीजर से तो पब्लिक मायूस हुई थी। मगर ट्रेलर के लिए आंखें बिछाए बैठी थी। क्योंकि पहले ये होली पर रिलीज होना था। लेकिन नहीं आया।

## टीवी मसाला



# दमदार किरदार में नजर आईं दिव्या, जरूरी मुद्दे पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** छह-एपिसोड वाली सीरीज 'चिरैया' का 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर प्रीमियर होगा। इसमें दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा अहम किरदारों में हैं। कुछ कहानियां अजीब होती हैं, फिर भी जरूरी होती हैं। दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' का ट्रेलर कुछ इसी तरह की कहानी बता रहा है। इसकी कहानी भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक को दिखाती है। 1 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर में यह बताने की कोशिश की गई है कि एक पति अपनी पत्नी के ऊपर अपना अधिकार समझता है और उसके साथ जबरदस्ती करता है। वह पति दिव्या दत्ता का भाई होता है। पत्नी अपनी परेशानी दिव्या दत्ता से बताती है। दिव्या दत्ता उसका साथ देती हैं। हालांकि दिव्या के पति (संजय मिश्रा) इस मामले में उनका साथ नहीं देते हैं। इसके बाद मामला अदालत में पहुंचता है। 'चिरैया' का ट्रेलर एक मैसेज देता है कि शादी का मतलब सहमति नहीं है। एक महिला की आवाज को समाज की परंपराओं से मिटाया नहीं जा सकता। अपनी इमोशनल कहानी के जरिए, शो वर्षों से चली आ रही मान्यताओं पर सवाल उठाता है। 'चिरैया' वेब सीरीज शशांत शाह के निर्देशन में बनी है। SVF एंटरटेनमेंट ने इसे बनाया है। इसमें दिव्या दत्ता के अलावा संजय मिश्रा, सिद्धार्थ शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, फैसल राशिद, टीनू आनंद, सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं। 'चिरैया' 20 मार्च को स्ट्रीम होगी।

## एस्पिरेंट्स सीजन 3 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने शुक्रवार को अपनी मशहूर हिंदी ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। द वायरल फीवर द्वारा निर्मित, 'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का निर्देशन दीपेश सुमित्रा जगदीश ने किया है। इस सीजन में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सन्नी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों में वापसी कर रहे हैं, जबकि जतिन गोस्वामी इस बार टीम के नए सदस्य के रूप में जुड़े हैं। 'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का प्रीमियर 13 मार्च को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर भारत सहित दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा। सीजन 3 के साथ, कहानी एक नए पड़ाव पर पहुंचती है जहाँ पुरानी महत्वाकांक्षाएं और वर्तमान की जिम्मेदारियां आपस में टकराती हैं। मुखर्जी नगर से शुरू हुई एक पुरानी प्रतिद्वंद्विता अब सत्ता के ऊंचे पदों पर फिर से सामने आती है।




# प्रकाश झा की पॉलिटिकल थ्रिलर संकल्प का ट्रेलर रिलीज, नाना करेंगे ओटीटी डेब्यू

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर प्रकाश झा एक नई सोशियो-पॉलिटिकल थ्रिलर, 'संकल्प' लेकर आ रहे हैं, जिसमें नाना पाटेकर, मोहम्मद जीशान अय्यूब, संजय कपूर, नीरज काबी, कुबरा सैत और क्रांति प्रकाश झा जैसे कलाकार हैं। शो का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया गया। संकल्प 11 मार्च को अमेजन MX प्लेयर पर रिलीज होगी। मेकर्स के मुताबिक, संकल्प 'मॉडर्न इंडिया में पावर, बदला, आइडियोलॉजिकल वॉर, प्रोटीज, पॉलिटिक्स, करप्शन और ब्यूरोक्रेसी के मैकेनिक्स' को दिखाता है। संस्कार, सत्ता, समर्पण की थीम वाली तिकड़ी पर आधारित, टीजर में नाना पाटेकर को मात साब के रूप में दिखाया गया है, जो एक कमांडिंग मास्टर स्ट्रैटेजिस्ट हैं जिनकी मौजूदगी हर फ्रेम में छाई रहती है।



*संजय कपूर और नीरज काबी आइडियोलॉजिकल विरोध में खड़े हैं, उनके बीच टकराव आने वाले पावर स्ट्रगल की ओर इशारा करता है। एक प्रेस नोट में कहा गया है कि इस कहानी को और दिलचस्प बनाते हुए, मोहम्मद जीशान अय्यूब एक बहुत वफादार शिष्य का रोल निभा रहे हैं, जो अपने गुरु मात साब से इतनी गहरी वफादारी से बंधा है जितनी दिखती नहीं है। इस फिल्म से नाना पाटेकर अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। इस बारे में नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में बताया, 'मात साहब का रोल करना एक बहुत बड़ी सीख रही है और इसने मुझे एक नया डायमेंशन एक्सप्लोर करने के लिए मोटिवेट किया। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जिसमें चुप्पी, टकराव और नतीजे भरे हुए हैं। प्रकाश झा के साथ दोबारा काम करना हमेशा खास होता है क्योंकि वह ऐसी कहानियां सुनाते हैं जो सब कुछ साफ नहीं करतीं।*

# ओटीटी पर मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

## सूबेदार से हैलो बच्चों तक, रिलीज होंगी ये सीरीज-फिल्में

होली के त्योहार के बाद वीकएंड भी आ गया है। त्योहार की थकान के बाद फुरसत के कुछ पल मिले हैं। आराम के बाद अगर घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखने का मन हो तो इस बार की ओटीटी लिस्ट काफी दिलचस्प है। सिनेमाघरों में इन दिनों 'द केरल स्टोरी 2' और 'ओ रोमियो' जैसी फिल्में लगी हुई हैं। कुछ नई फिल्में रिलीज की कतार में हैं। मगर, बदलते मौसम और छुट्टी के दिन अगर घर से बाहर निकलने का मन नहीं है और घर बैठे ही ओटीटी पर कुछ बढ़िया सिनेमा देखना है तो इस बार कई शानदार ऑप्शन हैं।



### जब खुली किताब

पंकज कपूर और डिंपल कपाडिया अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' भी शुक्रवार को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। यह जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है। जैसे-जैसे लंबे समय से छिपी सच्चाई सामने आती है, उनका परिवार भावनाओं के भंवर में फंस जाता है।

### सूबेदार

अनिल कपूर अभिनीत फिल्म सूबेदार ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। आप वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इस फिल्म में अनिल कपूर का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, मोना सिंह और फैसल मलिक भी हैं। 5 मार्च 2026 को यह फिल्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।

### हैलो बच्चों

विनीत कुमार सिंह अभिनीत सीरीज 'हैलो बच्चों' 6 मार्च को ओटीटी पर आ चुकी है। यह वेब सीरीज फिजिक्सवाला अलख पांडे की जिंदगी पर आधारित है। 'हैलो बच्चों' नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। इसमें विक्रम कोचर, गिरजा ओक गोडबोले, नमन जैन, सोनू कुमार यादव, अंशुल डोगरा और सतेंद्र सोनी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## 24 कैरेट सोने की ड्रेस, 400 करोड़ का खर्च, 4 ऑस्कर्स जीत चुकी फिल्म

# वो फिल्म जिसे बनाते-बनाते कंगाल हुए मेकर्स, जल्दबाजी में हुई रिलीज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कुछ फिल्मों के नसीब में ही मुश्किलें होती हैं। फिल्म मेकिंग में इतनी रुकावटें आती हैं कि वे बनते-बनते रह जाती हैं और कुछ बनकर भी मेकर्स को कंगाल कर जाती हैं। 63 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जो हिट तो रही लेकिन डिजास्टर भी। सुनने में अजीब लग रहा होगा कि ऐसे कैसे हुआ कि कोई फिल्म हिट भी हो और डिजास्टर भी। मगर ऐसा था। साल 1963 में आई क्लियोपेट्रा इतिहास की पहली फिल्म है जो एक ही समय में हिट और डिजास्टर रही। यह फिल्म पर मेकर्स ने इतना पैसा खर्च कर दिया कि यह प्रोडक्शन दिवालिया होने के कगार पर आ गया।

### मेकर्स के पास पैसे हो गए थे खत्म

मैनक्यूविक्ज ने फिर से फिल्म को रीशूट किया। मेकर्स के पास पैसे खत्म हो गए थे और प्रोडक्शन हाउस दिवालिया होने की कगार पर खड़ा हो गया था। मैनक्यूविक्ज को थोड़ा और वक्त चाहिए था, ताकि वह अच्छे से कहानी को फिर से लिखे और बनाए। मगर पैसे इतने खत्म हो गए थे कि मेकर्स ने कहा कि इसे जल्दी खत्म करने के लिए कहा।



### सबसे ज्यादा थी एक्ट्रेस की फीस

मिस्र की रानी क्लियोपेट्रा VII पर आधारित हिस्टोरिकल ड्रामा क्लियोपेट्रा सबसे चर्चित फिल्म रही। इस फिल्म का निर्माण 20th सेंचुरी फॉक्स के बैनर तले किया गया था। इस फिल्म को बनाने में करीब 5 साल लगे। उस वक्त की सबसे कामयाब एक्ट्रेस एलिजाबेथ टेलर को फिल्म के लिए कास्ट किया गया था। इसके लिए उन्हें 1 मिलियन डॉलर (9.17 करोड़ रुपए करीब) फीस मिली थी।

### फिल्म से निकाले गए थे डायरेक्टर

इस फिल्म को बड़े लेवल पर बनाया जा रहा था। रूबेन मामौलियन फिल्म के डायरेक्टर थे। धीरे-धीरे काम हो रहा था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ रहा था, बढ़ रहा था तो सिर्फ फिल्म का बजट। आखिर में मामौलियन को हटाया गया और फिर डायरेक्शन की कमान जोसेफ एल मैनक्यूविक्ज ने संभाली। मामौलियन ने जितनी भी फिल्म की शूटिंग की, उसमें सिर्फ 10 मिनट का सीन ही इस्तेमाल करने लायक था।

### करोड़ों रुपए की पहनी ड्रेस

44 मिलियन डॉलर्स यानी करीब 400 करोड़ रुपए में क्लियोपेट्रा बनकर तैयार हुई। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म में लीड हीरोइन एलिजाबेथ टेलर का कॉस्ट्यूम का बजट 194,800 डॉलर (1.78 करोड़) था। फिल्म में एलिजाबेथ के कुल 65 कॉस्ट्यूम्स थे, जिसमें से एक 24 कैरेट सोने का था। फिल्म रिलीज हुई और इसने दुनियाभर में 57.7 मिलियन डॉलर (529.15 करोड़ रुपए) कमाए थे। इस फिल्म को काफी सराहा गया है और इसे आस्कर में 9 नॉमिनेशंस मिले। इस फिल्म ने बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन, बेस्ट विजुअल एफेक्ट्स समेत 4 ऑस्कर्स जीते थे।

**खबर संक्षेप**

## नायब तहसीलदार ने परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण



**तालदेवरी।** बम्हनीडीह नायब तहसीलदार संजय बरेठ ने हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा केंद्र तालदेवरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र में एक भी नकल प्रकरण नहीं बना। परीक्षा व्यवस्था शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए केन्द्राध्यक्ष रमेश कुमार मेहरा व सहायक केंद्राध्यक्ष सुश्री बबीता भगत को निर्देश दिए हैं। माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 6 मार्च को गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा केन्द्र में 360 परीक्षार्थी अपने प्रश्न को शांति पूर्वक हल कर रहे थे, जबकि 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बोर्ड परीक्षा का बम्हनीडीह के राजस्व नायब तहसीलदार संजय बरेठ ने अपने टीम के साथ परीक्षा केंद्र तालदेवरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें आठ परीक्षा कक्ष में घूम घूम करके परीक्षार्थी से इनके सेट के बारे में जानकारी ली। साथ ही परीक्षा व्यवस्था को लेकर नायब तहसीलदार संजय बरेठ ने केन्द्राध्यक्ष रमेश कुमार मेहरा, उपकेद्राध्यक्ष सुश्री बबीता भगत से प्रश्न पत्र और परीक्षार्थी के उपस्थित के अलावा पर्यवेक्षक की ड्यूटी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पंजी के अलावा उत्तर पुस्तिका के पेकिंग कर तत्काल थाना में जमा करने निर्देशित किया। नायब तहसीलदार संजय बरेठ ने परीक्षा शांति ढंग से संपन्न कराने सभी गाइडलाइन का पालन करने केन्द्राध्यक्ष रमेश कुमार मेहरा व उपकेद्राध्यक्ष सुश्री बबीता भगत को निर्देश दिए हैं।

## मारवाड़ी युवा मंच के छठवीं बार अध्यक्ष चुने गए मनीष



**सक्ती।** मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा की नवीन कार्यकारिणी गठन के लिए एक बैठक शुक्रवार 6 मार्च को हटरी धर्मशाला पर रखी गई। बैठक में आगमी नए सत्र 2026-27 के लिए अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय कार्यालय के निर्देशानुसार नए अध्यक्ष के रूप में मनीष कथुरिया को चुना गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मारवाड़ी युवा मंच सक्ती शाखा के सदस्यगण मौजूद रहे। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनीष कथूरिया ने कहा कि आने वाले दिनों में मंच के शक्ति संगठन को मजबूत बनाने तथा सक्ती शहर के युवा मारवाड़ी सामाज के साथियों को संगठन की मुख्यधारा से जुड़ कर सदस्यता विस्तार पर ध्यान दिया जाएगा। साथ ही मंच के राष्ट्रीय तथा प्रांतीय स्थाई -अस्थाई प्रकल्प तथा समय-समय पर निर्देशित कार्यक्रमों को तत्परता के साथ शाखा स्तर पर कियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंच द्वारा पूर्व में स्थापित स्थाई प्रकल्पों के भी बेहतर संचालन के लिए नियमित रूप से ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर युवा मंच के श्याम सुंदर अग्रवाल, महेंद्र जिंदल,सुधीर सराफ, राजकुमार अग्रवाल (राजू), प्रकाश अग्रवाल , मुकेश अग्रवाल,रवि अग्रवाल,मुकेश बंसल, अनुराग जिंदल,गजेंद्र डालमिया,अनिल सराफ, राकेश अग्रवाल, सुमित शर्मा,मयंक अग्रवाल,रितेश अग्रवाल,शैलेश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल,राजीव अग्रवाल,अमन गर्ग, सहर्ष अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

**निधन**

### अनिल तिवारी



**चांपा।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के सामने निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. तुलसी प्रसाद तिवारी के ज्येष्ठ सुपुत्र अनिल तिवारी का शनिवार 28 फरवरी को शहडोल में असामयिक निधन हो गया। वे 63 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार 1 मार्च को प्रयागराज में किया गया। स्व. तिवारी के निधन पर शहर के सजातीय बंधुओं सहित कांग्रेसजन ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

### अमोरा में एसपी ने 50 महिला कमांडो टीम का गठन कर टोपी व सीटी का किया वितरण

# नशे के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने कार्य करेंगी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अमोरा (महंत) में सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत बनाने और महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार 7 मार्च को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरुकता कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान महिला कमांडो टीम का गठन कर टोपी व सीटी वितरण किया गया।

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अमोरा (महंत) पहुंचकर ग्रामीणों एवं महिलाओं के साथ संवाद किया। साथ ही महिलाओं को समाज में सुरक्षा एवं जागरूकता के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में 50 महिला कमांडो टीम का गठन किया गया, जिसमें ग्राम की सक्रिय महिलाओं को शामिल किया गया है। इस टीम का उद्देश्य गांव और आसपास के क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता बढ़ाना, किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस तक पहुंचाना तथा महिला संबंधित अपराधों की रोकथाम में सहयोग करना है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री पांडेय ने महिला कमांडो टीम को उनके कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह टीम गांव में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगी, आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देगी तथा समाज में अपराध और नशे जैसी बुराइयों के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने का कार्य भी करेगी। इस अवसर पर महिला कमांडो टीम की पहचान एवं कार्य में सहयोग के लिए उन्हें टोपी और सीटी भी वितरित की गईं, ताकि वे अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोगों के बीच आसानी से पहचानी जा सकें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं सहयोग को और मजबूत किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बेहतर बनी रहे। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी महिला कमांडो टीम के गठन की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा और समाज में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, ग्रामवासी तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए पुलिस विभाग को सहयोग देने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और महिलाओं ने भी समाज में सुरक्षा एवं जागरूकता के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। उपरोक्त कार्यक्रम में निरीक्षक कमलेश सेंडे थाना प्रभारी नवागढ़ एवं थाना स्टाफ भी उपस्थित रहे।




महिला कमांडो टीम के साथ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप।



## बैठक में अनुपस्थित राजस्व निरीक्षक व पटवारियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

- एसडीएम ने संबंधितों को तीन दिवस में स्पष्टीकरण देने दिए निर्देश

नव पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पामगढ़ राजकुमार तंबोली की कार्य शैली से कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा 6 मार्च को राजस्व निरीक्षक एवं पटवारीयो की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ ग्रामीण सचिवालय राजस्व पखवाड़ा, नक्शा, बटांकन, आधार सीडिंग, डिजिटल हस्ताक्षर, सीमांकन आदि के प्रगति के संबंध में उपस्थित कर्मचारियों से जानकारी ली गई।

बैठक में बिना किसी अवकाश स्वीकृति एवं पूर्व सूचना के एक राजस्व निरीक्षक एवं चार पटवारी अनुपस्थित थे। उनके द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक एवं उच्च अधिकारियों के आदेश के पालन में कोई रुचि नहीं लेने की कृत्य को शासकीय कार्य के प्रति गंभीर अनुशासनहीनता एवं स्वेच्छाभिचारीता मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए उनके उक्त कृत्य के कारण उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु उच्च अधिकारियों को प्रस्तावित करने के पूर्व तीन दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। उन्होंने आगे कहा कि नियत समयावधि में जवाब पेश नहीं करने अथवा संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर उनके विरुद्ध एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले आदित्य झा राजस्व निरीक्षक राहोद, रविकांत साहू पटवारी हल्का नंबर 3 ग्राम कोसा, सतीश खूंटे पटवारी हल्का नंबर 19 ग्राम भवतरा, मोहन साहू पटवारी हल्का नंबर 22 ग्राम धरदेई एवं अशोक बंजारे पटवारी हल्का नंबर 25 ग्राम रसौटा को कारण बताते हुए जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के इस कार्यवाही से कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## बीच-बचाव करने गए युवक पर चाकू से हमला, एक आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम अमरताल में बीच-बचाव करने गए युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है, जबकि एक विधि से संघर्षरत बालक को बाल संरक्षण गृह भेजा गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी फिरोज कुर्रे, निवासी ग्राम अमरताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 3 मार्च 2026 की रात वह अपने घर में था। इसी दौरान घर के बाहर शोर-शराबे की आवाज सुनकर वह बाहर निकला। बाहर आकर देखा कि रूपेश उर्फ टिंगा (19 वर्ष) और एक विधि से संघर्षरत बालक आपस में विवाद कर रहे थे। फिरोज कुर्रे ने दोनों के बीच हो रहे विवाद को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन इस बात से नाराज होकर दोनों आरोपियों ने उससे गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उसे जमीन पर गिरा दिया और रूपेश उर्फ टिंगा ने अपने पास रखे चाकू से उसके पेट पर वार कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे फिरोज कुर्रे गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घायल फिरोज कुर्रे को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे बेहतर उपचार के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रूपेश उर्फ टिंगा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया। आरोपी के खिलाफ थाना अकलतरा में धारा 109, 3(5) बीएनएस के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। वहीं मामले में शामिल विधि से संघर्षरत बालक को कोरबा स्थित बाल संरक्षण गृह भेजा गया है।



## बुनकरों का शिल्प उन्नति समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- 20 बुनकरों को प्रमाण पत्र एवं 16 बुनकरों को जारी किए गए पहचान कारीगर कार्ड

कोसाला आजीविका एवं सामाजिक फाउंडेशन (कोसाला) द्वारा नारायणी होटल चाम्पा में कोसा कला के कुशल बुनकरों के साथ शिल्प उन्नति समारोह के तीसरे संस्करण का आयोजन किया गया।

कोसाला कारीगर शिल्प उन्नति योजना के तहत रायगढ़ स्थित केंद्र के तकनीकी सहयोग से कोसाला द्वारा आयोजित उन्नत बुनाई कार्यशाला को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 20 बुनकरों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 16 बुनकरों को पहचान कारीगर कार्ड जारी किए गए। कौशल संवर्धन, क्षमता निर्माण और प्रासंगिक सरकारी योजनाओं तक पहुंच को सक्षम बनाने पर केंद्रित ये पहलें, कोसला के सामुदायिक विकास प्रयासों का अभिन्न अंग हैं। इस अवसर पर कोसाला आजीविका एवं सामाजिक फाउंडेशन की सीईओ श्रीमती नीता शाह ने कहा कि संस्था का उद्देश्य कोसाला और उनकी कला के प्रति हमारे बुनकरों के समर्पण को सम्मानित करना है। सामाजिक सुरक्षा सुविधा, पात्र कारीगरों के लिए वार्षिक प्रोत्साहन और बेहतर दृश्यता जैसी संरचित सहायता के माध्यम से, हमारा लक्ष्य उन्हें इस विरासत के सच्चे संरक्षक के रूप में मान्यता देना और साथ ही हमारे साथ उनके दीर्घकालिक जुड़ाव को मजबूत करना है। समारोह के दौरान, तीन कोसाला बुनकरों को वित्तीय वर्ष 2025 2026 के लिए प्रतिष्ठित कोसाला भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्रेम कुमार सिंह मानव संसाधन प्रमुख गैरे पाल्मा कोल माइंस हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, श्रीमती नीता शाह सीईओ कोसला और अनुराग सांखवार, वरिष्ठ वाणिज्यिक अधिकारी एनएचडीसी द्वारा प्रदान किए गए। समारोह में कोसाला के हाल ही में दिल्ली में लॉन्च किए गए प्रमुख बुटीक की झलक पेश करते हुए एक विशेष प्रस्तुति भी दी गई। चंद्रपुर के छोटू देवांगन और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत जीवंत लोक संगीत ने समारोह को और भी समृद्ध बना दिया। कोसाला के बारे में कोसाला लाइवलीहुड और सोशल फाउंडेशन, जिसकी स्थापना 2021 में हुई थी, एक धारा 8 (गैर-लाभकारी) कंपनी और एक सामाजिक उद्यम है, जो पूर्णतः हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के स्वामित्व में है। यह फाउंडेशन कोसा हथकरघा कला की पारंपरिक महिमा को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित करने के साथ-साथ कारीगर समुदाय के लिए स्थायी आजीविका के अवसर सृजित करने के लिए समर्पित है। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ और आसपास के इलाकों में कोसा रेशम की कताई और बुनाई पारंपरिक आजीविका के स्रोत रहे हैं।




समारोह में उपस्थित अतिथि एवं अन्य लोग।

## पट्टा व सिंचाई सुविधा के लिए बिजली देने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शाखा राजाभाठा लवसरा द्वारा जंगल जमीन पर लंबे समय से काबिज गरीब परिवार को पट्टा और इसी जमीन पर सिंचाई सुविधा के लिए बिजली लाइन दिलवाने की मांग के लिए धरना आन्दोलन किया गया। अनुविभागीय अधिकारी वन शिवेंद्र साहू से चर्चा उपरांत धरना आंदोलन समाप्त हुआ।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधि मंडल कामरेड अनिल शर्मा एवं कामरेड कन्हैया कुर्रे के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी वन शिवेन्द साहू से मिला। उन्होंने बताया और आश्वस्त किया कि वन अधिकार अधिनियम के तहत राजा भाठा के अनुसूचित जाति के जंगल जमीन में काबिज गरीब परिवार परम्परा गत रूप के तीन पीढ़ी ( 75 वर्ष ) से अधिक समय यदि काबिज कास्त करते नियमतः पाए जाते हैं तो उन्हें काबिज जंगल जमीन का पट्टा प्राप्ति करने का अधिकार है, जिसे शासन द्वारा तय समिति अनुशंसा करती है। प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें अवगत कराया कि काबिज जंगल जमीन जिसमें खेती कर वर्षा काल में ही एक फसल ले पाते हैं। इसी जमीन के पास कटिया नाला बहती है, जिस के पानी से दूसरी फसल लिया जा सकता है, परन्तु बिजली लाइन के अभाव में फसल नहीं हो रहा है, जिसके कारण गरीब परिवारों के भरण पोषण में परेशानियां हो रही है। यदि वन विभाग अनुमति देती है तो बिजली विभाग से लाईन लिया जा सकता है। शिवेन्द्र साहू ने कहा कि बिजली विभाग से स्टीमेंट बनवाकर लाएं अनापत्ति प्रमाण-पत्र देने वन विभाग मदद देगा। धरना आन्दोलन 4 बजे समाप्त हुआ। धरना प्रदर्शन में पार्टी के जिला सचिव कामरेड अनिल शर्मा, सदस्य कामरेड बिनोद द्विवेदी, रगजा शाखा से अरुण कुमार तथा राजा भाठा से कामरेड कन्हैया कुर्रे, सियाराम लहरे, श्याम लाल कुर्रे, निर्मल कुर्रे, प्यारेलाल कुर्रे, भागीरथी कुर्रे, गंगाराम, सालिक राम, मनहरण उपस्थित थे।




भारतीय कम्प्यूनिस्ट पार्टी के बैनर तले प्रदर्शन करते लोग।

## 9 किलो गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

कार में गांजा की तस्करी करते दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 9 किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है। जब्त गांजे की कीमत 4 लाख 55 हजार रुपए बताई जा रही है।

इस संबंध में बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 7 मार्च को मुखबिर से मिली सूचना के बाद थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव द्वारा टीम बनाकर मुखबीर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही की गई। इस दौरान कार में दो युवक मिले। कार की तलाशी लेने पर अंदर बड़ी मात्रा में गांजा मिला। पुलिस ने आरोपी अमर सिंह गुप्ता पिता स्व. राधेश्याम गुप्ता उम्र 32 साल निवासी छोटे देवगांव थाना खरसिया एवं मनी राम उर्फ बंटी ध्रुव पिता बैशाखू उम्र 20 साल निवासी नवापारा सिरगिट्टी को गिरफ्तार किया। मारूती डिजायर क्रमांक सीजी 13 ए क्यु 2241 के साथ बिक्री हेतु परिवहन करते हुये पकड़ा गया। उनके कब्जे से बैग में रखा 9.225 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। जब्त गांजे की कीमत 4 लाख 55 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस द्वारा गांजा और परिवहन में प्रयुक्त कार को जब्त कर नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस कार्यवाही में निरीक्षक नरेन्द्र यादव, सहायक उपनिरीक्षक मथुरा प्रसाद मन्नेवार, यशवन्त राठौर, प्रधान आरक्षक प्रेमनारायण राठौर, आरक्षक श्याम हरवंश , शैलेन्द्र राठौर, प्रमोद सोनंत, सतीश यादव का योगदान रहा।



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी व जब्त गांजा।

## होली मिलन समारोह में संगीत की धुन पर झूमे सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी लायंस क्लब चांपा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन लायन भवन चांपा में किया गया। क्लब के द्वारा प्रत्येक वर्ष होली के अवसर पर मिलन समारोह का आयोजन किया जाता रहा है।

इसी परंपरा का निर्वहन करते हुवे इस वर्ष भी लायंस क्लब के सचिव लायन राजेश अग्रवाल के द्वारा सभी लायन सदस्यों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें लायंस क्लब के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी सदस्यों ने एक दूसरे को हर्बल गुलाल का टीका लगाया और ठंडाई , मिठाई , नमकीन भजिया, गुजिया का स्वाद लिया। इस अवसर पर संगीत के धुन में सभी सदस्य खूब झूमे। कार्यक्रम में लायंस क्लब के सदस्य अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी अधिवक्ता, सचिव राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वासुदेव चंद देवांगन, लायन नंदकुमार देवांगन, लायन विनोद कुमार अग्रवाल, चेयरमैन रामप्रपन्न देवांगन, डॉ व्ही के अग्रवाल पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, बैजनाथ देवांगन, डॉ संतोष कुमार अग्रवाल, लायन डॉ जी पी दुबे, रमेश देवांगन, डॉ के पी राठौर, डॉ वाय के शर्मा, किशन शर्मा, खूबचंद देवांगन, नेहरू देवांगन, शैलेश बाजोरिया, बजरंग लाल अग्रवाल, उत्तम प्रकाश देवांगन सहित नागरिक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।



होली मिलन समारोह में उपस्थित लायंस क्लब के पदाधिकारी व सदस्य।







